दिनांक : 07.08.2024 समय : 07.10 pm

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में 11 से 15 अगस्त चलेगा हर घर तिरंगा अभियान, पंचायत स्तर तक होंगे कार्यक्रम।
- राज्य में निवेष को बढ़ाने के लिए बैगलूरू में दी दिवसीय कार्यक्रम की हुई शुरूआत।
- राज्यसभा की 12 सीटों पर तीन सितंबर को होंगे चुनाव।
- पेरिस ओलंपिक में पहलवान विनेष फोगाट को अयोग्य करार देने पर भारत ने जताया विरोध।

**मंत्री परिषद बैठक**

आज भोपाल में हुई मंत्री परिषद की बैठक तिरंगे को समर्पित रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक से पहले कहा कि 15 अगस्त और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश के प्रत्येक गांव और वार्ड में 11 से 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के 4500 छात्रावासों और आश्रमों की निगरानी के लिए सचिव स्तरीय 10 अधिकारियों को दायित्व सौंपा

गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 हजार स्थानों पर 10 अगस्त को एक साथ रक्षाबंधन कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से मनाया जाएगा और बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से राशि जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि साइबर तहसीलों में राजस्व संबंधी अन्य प्रक्रियाओं को शामिल करते हुए तहसीलों के कार्यों की परिधि को विस्तारित किया जा रहा है।

बैंगलुरू समिट

प्रदेश में निवेश को लेकर मुंबई और कोयंबटूर में हुए सफल इनवेस्ट-सेशन के बाद कर्नाटक के औद्योगिक केंद्र बैंगलुरू में आज से दो दिवसीय इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यहाँ सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन एवं विनिर्माण, टेक्सटाईल एवं गारमेंट, एयरोस्पेस एवं डिफेंस, ऑटोमोबाइल आदि क्षेत्रों में कार्य कर रहे प्रमुख उद्योगपतियों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कल होने वाले इंटरैक्टिव सत्र में वीडियो फिल्म "एडवांटेज मध्यप्रदेश" दिखाई जाएगी, जो उद्योगपतियों को राज्य में लाभ और निवेश के अवसरों की विस्तृत जानकरी देगी। मुख्यमंत्री वन-टू-वन मीटिंग एवं वैश्विक क्षमता केंद्रों, आईटी और परिधान क्षेत्रों के साथ राउंड टेबल मीटिंग में

उद्योगपतियों के साथ नवाचार, निवेश और विकास पर संवाद करेंगे।

इसके पहले आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव बैंगलुरू पहुँचकर हिन्दुस्थान के एरोनाटिक्स के संयंत्र पहुँचे।

**निर्वाचन आयोग-राज्यसभा अधिसूचना**

निर्वाचन आयोग ने 9 राज्यों की रिक्त 12 राज्यसभा सीटों के चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा कर दी है। चुनाव की अधिसूचना 14 अगस्त को जारी होगी। उम्मीदवार इस महीने की 21 तारीख तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। 22 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 और 27 अगस्त है। चुनाव 3 सितंबर को होगा।

समेकित छात्रवृति

प्रदेश में समेकित छात्रवृति योजना जिसमें 6 विभागों की 20 प्रकार की छात्रवृति प्रदान की जा रही है। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग के MPTAASC पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है। पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों की छात्रवृति नियत समय पर हो सके इसके लिये लोक शिक्षण संचालनालय ने समय सारणी जारी की है। शिक्षा पोर्टल पर सत्र प्रारंभ होने से ही सभी शासकीय और प्रायवेट शिक्षण

संस्थाओं में कक्षा 1 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों का नामांकन कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश भर में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का नामांकन 10 अगस्त तक अनिवार्य रूप से किये जाने के निर्देश विद्यालयों को दिये गये है। प्रदेश की सभी शालाओं को प्रोफाइल अपडेशन और स्वीकृति का कार्य इस वर्ष 24 अगस्त 2024 तक अनिवार्य रूप से किये जाने के लिये कहा गया है। इसके अलावा प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित सरकारी स्कूलों में पिछले 8 माहों में 65 करोड़ रूपये के 17 निर्माण कार्य पूरे किये गये हैं। इनमें नवीन शाला भवन निर्माण छात्रावास भवन और अतिरिक्त कमरों के निर्माण प्रमुख रूप से शामिल है। इन निर्माण कार्यों में काम की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है।

आईएमपीसीसी

अंतर माध्यम प्रचार समन्वय समिति (आईएमपीसीसी) की बैठक आज दूरदर्शन केंद्र, भोपाल में संपन्न हुई। बैठक में समिति के अध्यक्ष और पीआईबी के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने अगस्त माह में 'संस्कृति एवं धरोहर' विषय पर प्रचार- प्रसार के कार्य को फोकस करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में दूरदर्शन भोपाल कि ओर से उनके समाचार तथा कार्यक्रम के बारे में 'शोरील 'दिखाई गई. कार्यक्रम में आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार भोपाल की

निदेशक पूजा पी वर्धन ने कहा कि दूरदर्शन समाचार और आकाशवाणी द्वारा योग दिवस, कारगिल विजय दिवस, आम बजट, रेल बजट इत्यादि पर कार्यक्रम प्रसारित किए गए।

टीकाकरण

नर्मदापुरम जिले में डीपीटी और टीडी टीकाकरण अभियान का प्रथम चरण कल से शुरू हो रहा है। 8, 22 और 29 अगस्त को चिन्हित शासकीय शालाओं में कक्षा-10 वर्ष और 16 वर्ष के छात्र-छात्राओं को टीडी का टीका लगाया जायेगा। टीके से बच्चों में होने वाली डिपथीरिया (गलघोट) परट्यूसि (काली खांसी), टिटनेस (धनुष्टंकार) जैसी घातक एवं जानलेवा बीमारियों से सूरक्षा प्रदान की जा सकेगी। इसके लिये स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से इस अभियान का कियान्वयन सुनिश्चित किया है। नीमच जिले में भी स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग संयुक्त रूप से अभियान का क्रियान्वयन करेंगे। स्वास्थ्य विभाग व्दारा शिक्षा विभाग के समन्वय से समस्त शासकीय शालाओं में टीकाकरण हेतु कार्ययोजना तैयार की गई है।

**विश्व स्तनपान सप्ताह का समापन**

एक अगस्त जारी विश्व स्तनपान का आज समापन हो गया। इस दौरान प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कटनी जिले मे महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग की सहभागिता से अभियान के तहत कार्यक्रम हुए। जिसके अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में क्रियाशील शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक एवं शहरी आंगनवाडी केन्द्रों सहित सम्पूर्ण जिले में संचालित स्वास्थ्य केन्द्रो के माध्यम से स्वास्थ्यकर्मी ए.एन.एम. आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा मॉ का दुध शिशु का सर्वाेत्तम आहार है थीम अन्तर्गत आई.ई.सी. गतिविधि संचालित की गई।

**लोकसभा-वित्त बिल**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज कहा कि मोदी सरकार का उद्देश्य कर ढांचे को सरल बनाने के साथ ही देश में विकास तथा रोजगार के अवसर बढाना है। लोकसभा में वित्त विधेयक 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछले एक दशक में कर ढांचे में बडे बदलाव किए हैं। उन्होंने बताया कि करों में इजाफा किये बिना सरकार अधिक पारदर्शिता के साथ नियमों के अनुपालन को आसान बनाते हुए एक सरल कराधान व्यवस्था लेकर आई है। मध्यम वर्ग पर टैक्स के बोझ के विपक्ष के दावों को खारिज

करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 2023 में व्यक्तिगत आयकर के स्लैब को काफी उदार बनाया गया है।

अप्रत्यक्ष करों पर वित्त मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए सीमा शुल्क की प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी।

लोकसभा **फोगाट**

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारतीय ओपंलिक संघ ने पेरिस ओलंपिक में पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य करार देने के लिए विश्व कुश्ती संघ में विरोध दर्ज करा दिया है। श्री मांडविया ने आज लोक सभा में कहा कि केंद्र विनेश को सभी प्रकार की सहायता प्रदान कर रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा से इस विषय में बातचीत की है। खेल मंत्री ने कहा कि विनेश फोगाट 50 किलोग्राम भार वर्ग में खेल रहीं थी और उनका वजन तय सीमा से सौ ग्राम अधिक पाया गया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओलंपिक खेलों में अब तक किये गये शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में

राष्ट्रपति ने कहा कि ओलंपिक खेलों में फोगाट के बेहतरीन प्रदर्शन ने देश और देशवासियों को गौरवान्वित किया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि ओलंपिक खेलों में फोगाट को अयोग्य ठहराए जाना दु:खद है। निराशा की इस घडी में पूरा देश उनके साथ है।

**समाचार संक्षेप**

- आगरमालवा जिला मुख्यालय पर चल रही हस्तषिल्प एवं हथकरघा प्रर्दषनी का कल समापन हो गया। प्रदर्शनी में खादी के वस्त्र तथा हर्बल प्रोडक्ट बिक्री के लिये आये थें।

- कटनी जिले के अन्तर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत किसान अपनी फसलों को प्राकृतिक प्रकोप से होने वाले नुकसान की छति पूर्ति भरपाई के लिए तिथि बढ़ाकर अब 16अगस्त 2024की गई है।

- खंडवा- ऊपरी क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश और बांध के बढ़ते जल स्तर के चलते इंदिरा सागर बांध के 12 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है।

.....................................